(7)

कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 397 दिनांक : 30 / 01 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनराम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालयबद्वारा आज नाबार्ड के अधिकारियों के लिए केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अरविन्द कुमार शुक्ला ने अधिकारियों को विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी एवं नाबार्ड की उपलब्धियों की सराहना भी की।

कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ वाय पी सिंह द्वारा कृषि एवं खाद्यान सम्बंधित विषय पर तथा निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ एस. के. शर्मा द्वारा कृषि सम्बंधित विभिन्न उत्पादों के अनुसंधान एवं उनके विश्लेषण की जानकारी हेतु प्रेजेंटेंशन दिया गया। इसी क्रम में नाबार्ड मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे श्री शंतनु चौधरी ने डवलपमेंट अल्टरनेटिव टीम द्वारा जलवायु अनुकूल और नवीन प्रौद्योगिकियों पर तथा श्री सुनील कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड द्वारा नाबार्ड की सभी उपलब्धियों जैसे कृषि में नाबार्ड का योगदान, नाबार्ड की विभन्न योजनाएं आदि के बारे में विस्तृत जानकरी दी गई।कार्यक्रम में नाबार्ड के श्री सुनील कुमार (सी.जी.एम.), श्री पंकज यादव (जी.एम.), श्री नन्दूनायक (डी.जी.एम.), मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय से 33 जिला महाप्रबन्धक अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सी.ए.आई.ई. डॉ. वाय.डी.मिश्रा कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।